दैनिक भास्कर 17/04/2024

जीएमएन कॉलेज में मतदाता पंजीकरण शिविर लगाया



अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज कैंट में एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी व वीमेन सेल के संयुक्त तत्वाधान में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके मतदाताओं के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए बूथ स्तरीय अधिकारी निर्मला देवी ने कॉलेज में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनाव में वोट देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल ने बताया कि इस वोटर रजिस्ट्रेशन कैंप के माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों को लोकतंत्र में भागीदारी का महत्व समझाने और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उपेंद्र कौर, राम मूर्ति, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. धर्मवीर सैनी, डॉ. अनुपमा सिहाग व डॉ. मीनू राठी शामिल रही।